'राममय' हुई छोटीकाशी, घर-घर में छाया दीपावली जैसा उत्साह

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भगवा पताकाओं से सजा जयपुर शहर, हर ओर उमंग-जोश नजर आया

जयपुर। अयोध्या में प्रभु श्री राम विराज गए। इसका उल्लास पूरे देश के साथ छोटीकाशी जयपुर में भी छाया रहा। शहर की हर गली और चौराहा भगवामय नजर आया तो मंदिरों में आयोजनों की धूम रही। राम मंदिर फूलों और गुब्बारों से सजे रहे। सुबह से देर शाम तक धार्मिक

- **रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल पर श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति बनाई गई, कार्यक्रम में उमड़े हजारों शहरवासी**
- **जगतपुरा स्थित अक्षयपात्र मंदिर में कृष्ण-बलराम बने राम-लखन, धनुष बाण भी थामे**

आयोजनों की धूम रही। शाम होते-होते घरों में दीपावली का उत्साह छा गया। घर-घर में दीये जलाकर भगवान श्रीराम का स्वागत किया गया। इसके बाद देर रात तक आतिशबाजी की गई।

रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल पर अयोध्या के श्रीराम मंदिर का 35 फीट ऊंचा प्रतिचित्र सजाया गया। बंगाल के आए 150 कारीगरों ने इसका निर्माण किया। सोमवार शाम को अल्बर्ट हॉल पर भजन संध्या का कार्यक्रम और ड्रोन शो हुआ, जिसे देखने हजारों शहरवासी उमड़े। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों से शहर गूंज उठा।

रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल पर सोमवार शाम को भजन संध्या का कार्यक्रम और ड्रोन शो हुआ, जिसे देखने हजारों शहरवासी उमड़े।

वहीं दूसरी ओर राधे- राधे, जय श्री कृष्ण से गूंजायमान रहने वाला जयपुर का गोविंद देवजी का मंदिर सोमवार को राम लला की भक्ति में लीन रहा। पांच ब्राह्मणों ने संगीतमय अखंड रामचरितमानस का पाठ किए। वहीं, 11 ब्राह्मण बटुकों ने वेद पाठ किया। इस मौके पर हवन किया गया। दोपहर 12:30 बजे जब अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी उस समय मंदिर में राम दरबार की आरती की गई। पूरे मंदिर को बांदरवाल और फूलों से सजाकर विशेष रोशनी गई। शाम को संध्या झांकी में मंदिर परिसर में 3100 दीपक जलाए गए। रंगारंग आतिशबाजी भी की गई। ठाकुर श्रीजी को नवीन पीत वस्त्र पोशाक धारण करवाकर विशेष अलंकार श्रृंगार किया गया। जगतपुरा के श्री कृष्ण बलराम मंदिर में ठाकुर जी का राम-लखन के रूप में श्रृंगार किया गया। दोनों को विशेष मुकुट धारण कराकर धनुष-बाण थमाए गए। पूरे मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया। यहां दस दिवसीय राम कथा का आयोजन चल रहा है। बड़ी संख्या में भक्तों ने राम भक्ति में डुबकी लगाई। भक्तों ने रामायण के 108 श्लोकों का एक साथ उच्चारण किया। इसके बाद महाआरती की गई। शाम को हजारों की संख्या में दीप प्रज्जवलित किए गए तो दीपावली का दृश्य साकार हो उठा। मंदिर के अध्यक्ष अमितासन दास ने राम जन्मोत्सव पर बधाई देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुख्यमंत्री प्राण प्रतिष्ठा समारोह से जुड़े

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के प्रतापनगर स्थित प्रेम मंदिर में भगवान श्रीराम के दर्शन किये। इसके बाद उन्होने मंदिर परिसर में अयोध्या में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखा।

जयपुर । रामभूमि पर शंखनाद और श्रीराम की जयघोष के बीच सोमवार को नवनिर्मित श्री राम मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। संकल्प से सिद्धि, हर्ष और उत्कर्ष के दिन इस युगांतर और अलौकिक क्षण को देखकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शीश नवाया। जयपुर के प्रतापनगर स्थित प्रेम मंदिर से मुख्यमंत्री ने रामभक्तों के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखा। शर्मा ने कहा कि सकल मनोरथ के दिन देश में नए सांस्कृतिक युग की शुरूआत हुई है। आज अयोध्या में ही नहीं बल्कि हर व्यक्ति के मन में श्रीराम विराजमान हुए हैं। शर्मा ने कहा कि श्रीराम के राघव रूप को देखकर वर्षों का स्वप्न साकार हुआ है। राम हमारे रोम-रोम में हैं। इससे पहले उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना भी की।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को राम दीपावली पर शुभकामनाएं देकर कहा कि दुनिया आज रामलला का ऐतिहासिक धार्मिक उत्सव मना रही है। उन्होंने कहा कि श्रीराम ने अपने जीवन में सत्य, धर्म और प्रेम मूल्यों का पालन किया है, उसी तरह हमें भी उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात कर सशक्त व नैतिक समाज के निर्माण में अहम जिम्मेदारी निभानी चाहिए। शर्मा ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। इसमें राज्य सरकार द्वारा संत-महंत एवं पुजारियों का सम्मान किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के अन्तर्गत अयोध्या में श्री राम मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। प्रतापगढ़ के सीतामाता वन्य जीव अभ्यारण्य में वनपथ, पुलिया निर्माण तथा पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विकास कराने के साथ कई कार्य होंगे।

नाम परिवर्तन

मैं न. JC-703168K सुबेदार सतीश कुमार पुत्र श्री जयपाल सिंह मेरी पत्नी का नाम मंजू तथा जन्मतिथि 26.01.1977 दर्ज है। जबकि मेरी पत्नी का सही नाम मंजू लाम्बा है जिसकी जन्मतिथि 15.05.1977 है। निवासी ग्राम बास कालीपहाडी पोस्ट कालीपहाडी तहसील व जिला-झुंझुनू (राजस्थान) 333024

मैने अपना नाम रविन्द्र के स्थान पर रविन्द्र नैण कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। पता- विला नं. 17, यू.डी.बी., सिरसी विलास, सिरसी रोड, पालवाले हनुमानजी के पास, पांच्यावाला, जयपुर-302034 (राजस्थान)

मैनें मेरा नाम बाबू लाल रोहिला पुत्र श्री चिरंजीलाल से बाबू लाल टेलर पुत्र श्री चिरंजीलाल बदल लिया है। अतः भविष्य में मुझे बाबू लाल टेलर पुत्र श्री चिरंजीलाल के नाम से जाना जावे। पताः प्लाट नम्बर 107-108, आदिनाथ नगर, पाल वाले बालाजी का रास्ता, सिरसी रोड, सिरसी, जयपुर, राजस्थान

मै लोकावती देवी M/o आर्मी नं. 15169393N हवलदार संजीत कुमार युनिट 199 मीडियम रेजिमेन्ट मेरे बेटे के सैन्य दस्तावेज में कमला देवी है जो कि गलत है, मेरा वस्तिवक नाम लोकावती देवी है। जो सही है।

मै बिजय प्रसाद गुप्ता F/o नं. 15169393N हवालदार संजीत कुमार युनिट 199 मीडियम रेजिमेन्ट मेरे बेटे के सैन्य दस्तावेज में विजय प्रसाद है जो कि गलत है मेरा बस्तिवक नाम विजय प्रसाद गुप्ता है जो सही है।

मै सुनिता कुमारी W/o आर्मी नंबर 15169393N हवादार संजीत कुमार यूनिट 199 मिडियम रेजिमेंट मेरे पति के सैन्य दस्तावेज मे मेरा नाम सुनिता है जो गलत है मेरा वास्तविक नाम सुनिता कुमारी सही है।

मै अन्वेशा सिंह, आर्मी नंवर 15169888A हवलदार कर्लक (स्टाफ ड्यूटी) जय सिंह, यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट की पूत्री हुँ। मेरे पिता के सैन्य दस्तावेजों में मेरा नाम अन्वेशा कुमारी" है जो कि गलत है। मेरा वास्तविक नाम अन्वेशा सिंह है।

My Name is Krishan Sharma. In my education records my father name is Kishore Sharma wrongly recorded his correct name is Kishor Sharma. Address. Bidwalo ki Dhani, Golyawas, Jaipur, Rajasthan 302020

उत्तर पश्चिम रेलवे G20

खुली ई-निविदा सूचना

सं.: ईएल/118/45,46/2023-24/डब्ल्यू 6/टीएफ दिनांक: 19.01.2024 मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली) जयपुर द्वारा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं. 1. एनआईटी संख्या: ईएल/जेपी/45/2023-24 कार्य का नाम:** Replacement of isolation switch for starting battery in power cars & Provision of High capacity IV coupler (500Amp) & 150sqmm feeder cable for AC coaches under Bulk RSP program 2022-23. **अनुमानित लागत:**1063981.56 **बयाना राशि:** 21300/- **निविदा खोलने की तिथि:**15.02.2024 **क्र.सं. 2. एनआईटी संख्या: ईएल/जेपी/46/2023-24 कार्य का नाम:** Electrical work in connection with Repairing and Replacement of main and mini pantry equipment's for two years at Jaipur coaching depot. **अनुमानित लागत:** 2044108.03 **बयाना राशि:** 40900/- **निविदा खोलने की तिथि:** 15.02.2024 **नोट:- ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे तक **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे के बाद **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता:** http://www.ireps.gov.in 85-AC/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

मत्स्य विभाग के घूसखोर डायरेक्टर को जेल भेजा

जयपुर। राजधानी में मछली पकड़ने का लाइसेंस देने के एवज में 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़े गए मत्स्य विभाग के डायरेक्टर और एडिशनल डायरेक्टर को एसीबी ने कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने दोनों रिश्वतखोरों को जेल भेज दिया। एसीबी के डिप्टी अभिषेक पारीक अब इस केस की जांच करेंगे।

35 हजार रुपए मछली ठेकेदार से रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार हुए दोनों अधिकारियों के घर से एसीबी को सर्च के दौरान जमीनों के दस्तावेज और बैंक लॉकरों की जानकारी मिली हैं।

जिसकी एसीबी वैल्यूवेशन कराएगी। जानकारी के अनुसार दोनों ही अधिकारियों के घर से बड़ी संख्या में जमीनों के दस्तावेज मिले हैं। यह जमीन अलग-अलग नामों से हैं। जिन के नामों से यह जमीन है उन लोगों को भी एसीबी मुख्यालय बुलाकर जमीनों को लेकर पूछताछ करेगी। वहीं बिश्नोई के घर से एसीबी को एक हथियार मिला था जिस की पुष्टि कर ली गई हैं। बिश्नोई के पास एक हथियार का लाइसेंस हैं। वहीं तीन बैंक लॉकरों की जानकारी एसीबी को मिली थी मंगलवार को बैंक खुलने के बाद एसीबी लॉकरों की भी जांच करेगी। उधर, 19 तारीख को एसीबी ने आईएस प्रेमसुख बिश्नोई को 35हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। नियमों की माने तो सरकारी अधिकारी के गिरफ्तार होने के 24 घंटे में उसे सस्पेंड कर दिया जाना चाहिए। लेकिन अभी तक डीओपी ने प्रेमसुख बिश्नोई को सस्पेंड नहीं किया हैं। जबकि एसीबी प्रेमसुख बिश्नोई को गिरफ्तार कर दो दिन का रिमांड लेकर जेल भेज चुकी हैं। डीओपी की ओर से अभी तक कोई एक्शन नहीं लिया गया हैं।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

"मौसम के जोखिमों से हमारे मेहनती किसान भाई-बहनों के हितों को सुरक्षित करने में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना काफी कारगर साबित हो रही है। इसका लाभ करोड़ों किसानों को मिल रहा है।"
– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

बीमित फसल का साथ,
मेरी पॉलिसी, मेरे हाथ
फसल बीमा कराओ, सुरक्षा कवच पाओ

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के 8 साल
एक नई मिसाल

- 56 करोड़ से अधिक किसान आवेदन प्राप्त
- 16.06 करोड़ किसानों को मिला फसल बीमा का लाभ
- ₹1.52 लाख करोड़ के दावों का भुगतान
- ऐड ऐप द्वारा किसानों के द्वार तक फसल बीमा नामांकन की सुविधा
- देशव्यापी कृषि रक्षक हेल्पलाइन 14447 का शुभारम्भ

मेरी पॉलिसी मेरे हाथ
महा अभियान
15 जनवरी – 15 फरवरी 2024

आपके गाँव में होने वाले शिविर में इन विषयों पर जानकारी प्राप्त करें:
- बीमा पॉलिसी, सरकारी नीतियाँ, भूमि अभिलेख एवं दावे और शिकायत निवारण
- किसानों के प्रशिक्षण हेतु फसल बीमा पाठशाला

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

बीमा भागीदार AIC Chola MS Future Generali HDFC ERGO ICICI Lombard Kshema Oriental Insurance Reliance General Insurance SBI general Universal Sompo General Insurance

योजना की अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें | जनसेवा केंद्र | क्रॉप इंश्योरेंस ऐप https://play.google.com | पोस्ट ऑफिस | बैंक शाखा | @PMFBY | योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें